माघ शुक्ल पक्ष-6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 257 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
02 मार्च 2024
शनिवार

आज का मौसम
25 अधिकतम
15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

पीएम मोदी व शाह को कहा शुक्रिया

## गंभीर फैसला: गौतम ने पहली ही इनिंग में राजनीति को अलविदा कहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया है। गंभीर ने राजनीति से दूरी बनाने का एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह क्रिकेट की वजह से अपनी रानजीतिक जिम्मेदारियों से आजाद होना चाहते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से कर्तव्यमुक्त किए जाने की गुहार लगाई है। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह का धन्यवाद किया है तथा कहा है कि %लोगों की सेवा का अवसर दिये जाने के लिये धन्यवाद।% गंभीर फिलहाल पूर्वी दिल्ली से बीजेपी के टिकट पर लोकसभा सांसद हैं। वे टी 20 वर्ल्ड कप 2007 और वनडे वर्ल्ड कप 2011 में भारतीय टीम का सदस्य रह चुके हैं। दोनों ही टूर्नामेंट् के फाइनल में गौतम गंभीर ने भारतीय टीम के लिए मैच जिताऊ पारी खेली थी। टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल में गंभीर ने 54 गेंदों पर 75 रन बनाए थे। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में उनके बल्ले से 91 रन निकले। अभी वे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर हैं।

गंभीर का यह फैसला उस वक्त सामने आया है, जब? भाजपा दिल्ली समेत अन्य राज्यों में लोकसभा टिकटों का ऐलान करने वाली है और माना जा रहा है कि वह दिल्ली की सात सीटों पर कई नये चेहरे उतारने की तैयारी कर चुकी है।

## मैं दुनिया जीत रही थी तो लोग कहते थे *सैटल हो जाओ..!*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी पति शोएब मलिक के साथ तलाक के बाद चर्चा में आई टेनिस स्टार सानिया मिर्जा का हालिया ट्विटर पोस्ट चर्चा में है। सानिया ने अर्बन कंपनी के विज्ञापन 'छोटी सोच' पर रिएक्ट किया और सोशल मीडिया पर उसे एक इंस्पाइरिंग मैसेज के साथ पोस्ट किया। अर्बन कंपनी का ये एड एक ब्यूटीशियन की कहानी पर है, जिसे कार खरीदने के बाद अपने पड़ोसियों और छोटे भाई की ओर से कई सवालों का सामना करना पड़ता है। उसका भाई बताता है कि लोग मुझे चिढ़ाते हैं और कहते हैं कि हमें पता है कि तेरी बहन ने गाड़ी कैसे खरीदी। कुल मिलाकर लोग उसके गाड़ी खरीदने को लेकर उसके चरित्र पर छींटाकशी कर रहे हैं।

इसी एड को रिट्वीट करते हुए सानिया ने लिखा- 2005 में, मैं डब्ल्यूटीए खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला थी। बड़ी बात, है ना? जब मैं डबल्स में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी थी तो लोग यह जानने बेचैन थे कि मैं सैटल कब होंगी (घर कब बसाउंगी)। मैं अपनी जर्नी में मिले समर्थन के लिए आभारी हूं लेकिन खुद को ये सोचने से नहीं रोक कि क्यों एक महिला की उपलब्धियां उसके कौशल और काम के बजाय लैंगिक 'अपेक्षाओं' और दिखावे के बारे में चर्चाओं को आमंत्रित करती हैं।

### सानिया का भावुक ट्वीट



## फुटेज के आधार पर संदिग्ध हिरासत में

### बेंगलुरू विस्फोट

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रसिद्ध रामेश्वरम कैफे में बीती रात ब्लास्ट की जांच जारी है। ताजा खबर यह है कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। आरोप है कि इसी शख्स ने विस्फोटक से भरा बैग कैफे में रखा था। अब तक की जानकारी के मुताबिक, ब्लास्ट आईईडी से किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि उक्त संदिग्ध शख्स पहले कैफे में आया। इडली ऑर्डर की और फिर विस्फोटक भरा बैग वहां रखकर रवाना हो गया। सीसीटीवी के आधार पर ही पुलिस तलाश कर रही है। दरअसल बेंगलुरु में हुए इस रेस्टारेंट विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं। रेस्टोरेंट में जिस स्थान पर विस्फोट हुआ है, वहां से पुलिस को एक बैग मिला था। इस बैग में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फिट होने के आशंका से जांच हो रही है।जांच एजेंसियां हर घटना के एक-एक सिरे को पकड़ती चल रही पुलिस के सामने अब 86 मिनट की टाइमिंग की गुत्थी है। असल में कैफे के अंदर आरोपी का आना, फूड ऑर्डर करना, सीट पर बैठना, चले जाना और फिर विस्फोट होना, ये सबकुछ इसी 86 मिनट के भीतर हुआ है।

### निवेश करारों के साथ उज्जैन में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का समापन

# निवेश की नई उड़ान, मरीजों के लिए एंबुलेंस *नापेगी* आसमान

**उज्जैन/भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आज समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे नई व पुख्ता शुरुआत बताया। इसके साथ ही आज मुख्यमंत्री आपातकालीन एयर एंबुलेंस सेवा की भी शुरूआत की है। इसके बाद वे धार में विभिन्न जनहित योजनाओं की राशि का अंतरण करेंगे, इस दौरान 7 सौ करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण होगा।

उल्लेखनीय है कि दो दिन हुए मंथन में मप्र में एक लाख करोड का निवेश आया है। इसमें अडाणी समूह ने भी 75 हजार करोड़ निवेश करने का ऐलान किया है। समूह के प्रणव अदाणी ने कहा है कि वे मप्र में निवेश के लिए उत्साहित हैं। उनकी परियोजनाओं में 5 हजार करोड़ की लागत से बनने वाला महाकाल एक्सप्रेस-वे भी शामिल है। यह एक्सप्रेस-वे उज्जैन, इंदौर और भोपाल को आपस में कनेक्ट करेगा। उन्होंने बताया कि भिंड, बुरहानपुर, टीकमगढ़ और अलीराजपुर का भी विकास करेगा।

मध्य प्रदेश को मेडिकल क्षेत्र में एक और बड़ी सुविधा मिली है। इसके तहत उज्जैन से 'आपातकालीन एयर एम्बुलेंस सेवा' की शुरू हुई। इसमें एक हेलीकॉप्टर एवं एक एयरक्राफ्ट चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित होगा। एयर एंबुलेंस सुविधा की शुरुआत के लिए उज्जैन के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। छोटे शहरों में गंभीर बीमारी से पीड़ितों को बड़े शहरों के अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एयर एम्बुलेंस उपलब्ध होगी। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों में स्थित अस्पतालों के लिए एयर एम्बुलेंस चलाई जाएगी। योजना सफल हुई तो सरकारी सेवकों एवं आम जनों के लिए भी एयर एम्बुलेंस का उपयोग किया जाएगा।



### उद्योगपतियों से सीएम की वन-टू-वन

उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दूसरे दिन आज सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां पहुंचे बिजनेसमैन से वन-टू-वन चर्चा की। सीएम ने शक्ति पंप के चेयरमैन शक्ति दिनेश और एचएंडएच हेल्थ एंड कॉस्मेटिक्स के एमडी हर्षल राय से निवेश के संबंध में चर्चा की। कॉन्क्लेव के समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल वर्चुअल जुड़े,जबकि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल उद्योगपतियों से वन-टू-वन के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। कॉन्क्लेव में आज धार्मिक, फिल्म टूरिज्म और फार्मा मेडिकल सेक्टर के लिये कई और करार आकर ले रहे हैं।

### राज्य सरकार खरीदेगी एयर एंबुलेंस

बताया जाता है कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि एयर एम्बुलेंस की आवश्यकता होने पर मरीज के स्वजन को परेशान न होना पड़े। इसमें जो शुल्क लगता है, उसमें सरकार द्वारा कुछ छूट भी दी जाएगी। इसमें विभिन्न कंपनियों से टेंडर के माध्यम से अनुबंध किया जाएगा। कंपनियों को इसकी प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। बाद में राज्य सरकार एयर एम्बुलेंस की खरीदी कर अपने विमानन बेड़े में शामिल करेगी।

### ऋषिकेश में एम्स शुरू करेगा एयर एंबुलेंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पहाड़ और दूरदराज के जिन इलाकों से गंभीर रूप से घायल या अन्य तरह के गंभीर मरीजों को सड़क मार्ग से हॉस्पिटल तक लाने में काफी परेशानी के चलते बड़े अस्पतालों से एयर एंबुलेंस सर्विस शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट ऋषिकेश एम्स से शुरू किया जा रहा है। जहां हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस संजीवनी नाम से एक चॉपर हर दम तैनात रहेगा। यहां से करीब 150 किलोमीटर के दायरे में जहां भी गंभीर रूप से घायल या अन्य तरह के मरीज को एयर लिफ्ट करेगी।

## राहुल के साथ कदमताल करने पहुंचे कांग्रेस नेता



आज मप्र प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज दोपहर में मुरैना के रास्ते मध्यप्रदेश में प्रवेश कर रही है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सहित कई कांग्रेस नेता मुरैना पहुंचे हैं,जहां वे यात्रा का स्वागत करेंगे और साथ चलेंगे। यह यात्रा मप्र के आठ लोकसभा क्षेत्रों मुरैना, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, देवास, उज्जैन, धार और रतलाम से गुजरेगी। इस दौरान कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव,उमंग सिंघार सहित कई वरिष्ठ नेता पूरे समय साथ रहेंगे। राहुल पांच मार्च को उज्जैन पहुंचेंगे और बाबा महाकाल मंदिर के दर्शन करेंगे। मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राघोगढ़, शाजापुर और उज्जैन में राहुल गांधी का रोड शो होगा। यात्रा आज राजस्थान के धौलपुर से मुरैना में आ रही है। यहां अंडर ब्रिज के पास रोड शो होगा।

## स्पेन से घूमने आई महिला के साथ गैंगरेप

**दुमका, एजेंसी।** विदेश से भारत घूमने आयी महिला के साथ गैंगरेप की घटना से हडकंप मच गया है। महिला अपने पति के साथ झारखंड के दुमका में थी। यहां करीब 8-10 आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता स्वयं अपने पति के साथ बाइक चलाकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंची। मामला हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट का है। यहां स्पेन की रहने वाली महिला घूमने पहुंची थी। यहां ये लोग दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रुके हुए थे।इसी दौरान करीब आठ से दस लोग वहां पहुंचे और महिला के साथ गैंगरेप किया। इस मामले की गूजं विधानसभा में भी हुई है।

## मौसम बदला: भोपाल समेत 24 जिलों में बरसे बादल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आने के बाद मप्र का मौसम फिर पलटी मार गया है। भोपाल समेत प्रदेश के 24 जिलों में बारिश हुई है। भोपाल में आज सुबह तीन बजे से गरज-चमक के साथ पानी गिरा। हरदा में भी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन समेत 21 जिलों में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को उज्जैन में आंधी के कारण रीजनल कॉन्क्लेव पर भी असर पड़ा था। फिलहाल पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही हैं। वातावरण में नमी बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक भोपाल में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शनिवार दिन में भी जारी रह सकता है।

## छापे में ढाई करोड़ की घड़ियां,70 करोड़ की कारें मिलीं

**कानपुर, एजेंसी।** बंशीधर तंबाकू ग्रुप पर आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई आज भी जारी है, दिल्ली आवास पर आयकर विभाग की टीम कंपनी मालिक केके मिश्रा से पूछताछ कर रही है। खबरें है कि खराब सेहत का हवाला देकर मिश्रा अधिकारियों के सवाल के जवाब से बचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं छापेमारी में करोड़ों रुपए की पांच लग्जरी घड़ियां मिली, जिसमें करीब 2.5 करोड़ रुपए की डायमंड स्टेडिड घड़ी भी शामिल है। आयकर यह भी जानने की कोशिश कर रहा है कि जब कंपनी का टर्नओवर 20-25 करोड़ ही है तो फिर 60-70 करोड़ रुपए के ऊपर की गाड़ियां उसके घर में क्या कर रही हैं।



मेट्रो एंकर

### जामनगर ही नहीं बैतूल में भी शाही शादी के चर्चे

# महिला कुली की शादी, रेल्वे-जीआरपी बने *घराती*

**जामनगर/ बैतूल, दोपहर मेट्रो।** गुजरात के जामनगर में उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी सुर्खियों में है। इसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और राजनीति से लेकर क्रिकेट जगत तक के सेलिब्रिटी शामिल हो रहे हैं। मगर जामनगर से मीलों दूर मप्र के बैतूल में एक और शादी ने सबका ध्यान खींचा है। इस जिले की एकमात्र महिला कुली ने रेलवे स्टेशन के सामुदायिक भवन में शादी रचाई। खास बात यह है कि इस खुशी के मौके पर क्षेत्र के सांसद और विधायक भी मेहमान बने और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। रेलवे प्रशासन, आरपीएफ स्टाफ और जीआरपी स्टाफ ने शादी की व्यवस्था संभाली। बैतूल रेलवे स्टेशन परिसर स्थित कल्याण केंद्र में महिला कुली दुर्गा की शादी धूमधाम से संपन्न हुई। शादी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के सामने रस्में पूरी करने के साथ पूरी हुई।

दरअसल दुर्गा की प्रेम कहानी उनकी शादी की रस्म की तरह ही खास है। रेलवे स्टेशन पर नौकरी के दौरान दुर्गा की दोस्ती आरपीएफ कांस्टेबल फराह खान से हो गई। फराह खान ने दुर्गा से शादी के बारे में बात की, लेकिन परिवार की जिम्मेदारियों को देखते हुए दुर्गा ने शादी से इनकार कर दिया। फिर भी फराह ने उन्हें मना लिया और उनके लिए परफेक्ट मैच ढूंढ लिया। आरपीएफ में पदस्थ एएसआई दीपक देशमुख ने आठनेर के जामठी में रहने वाले अपने किसान मित्र सुरेश भुमरकर से दुर्गा की शादी की बात शुरू की और शादी तय हो गई। शादी को लेकर बुधवार रात रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में हल्दी और मेहंदी की रस्म अदा की गई। समारोह में बैतूल सांसद दुर्गा दास उइके शामिल हुए और जोड़े को आशीर्वाद दिया।



### अंबानी परिवार समेत जामनगर में सितारों की बारात



देश के सबसे बड़े व्यापारी मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी जल्द ही राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनका प्री-वेडिंग समारोह गुजरात के जामनगर में एक से तीन मार्च तक आयोजित हो रहा है। इस सेलिब्रेशन में कई बड़ी हस्तियों के साथ-साथ बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम बड़े स्टार्स शामिल हो रहे हैं। इवांका ट्रंप, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग जैसे वैश्विक हस्तियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से चार चांद लगाए। इस दौरान नीता अंबानी इवांका के साथ बात करती नजर आईं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका अपने पति जेरेड कुशनर के साथ पहुंची हैं। इस दौरान इवांका ने मुकेश अंबानी से मुलाकात की और उनके साथ फोटो खिचवाया।

### सरकार करने जा रही है कई संशोधन

# आयुष्मान योजना: मरीज व अस्पताल दोनों के लिए और मिलेंगी सहूलियतें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**आयुष्मान भारत योजना मप्र के लोगों के लिए और फायदेमंद होंगी। सरकार ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। जल्द ही योजना में बदलाव किए जाएंगे। जिसमें कई ऐसी बीमारियों को शामिल किया जा रहा है जिसका इलाज अभी योजना में नहीं हो रहा है इसके लिए रूपये खर्च करने पड़ रहे हैं। योजना में संशोधन और बदलाव के फायदे मरीज के साथ-साथ इलाज करने वाले निजी व सरकारी अस्पतालों को भी होंगे।**

## कई बीमारियों को योजना में शामिल किया जाएगा, इलाज पर खर्च की राशि भी बढ़ाई जाएगी

आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अभी आयुष्मान भारत योजना में 1500 से अधिक पैकेज है। जिनमें कई बीमारियां शामिल है और उनके इलाज पर योजना से दी जाने वाली राशि तय है। अब इन पैकेजों में जो राशि पूर्व से तय है और इलाज के बाद दी जा रही है उनमें बदलाव होगा। आयुष्मान भारत योजना का संचालन करने वाले राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएचए) के एक अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों को पैकेज रिवाइज करने की बिंदूवार जिम्मेदारी दी है। प्राथमिक समीक्षा पर पता चला है कि पैकेज में शामिल कुछ बीमारियों में उसके इलाज पर आने वाले वास्तविक खर्च से कम राशि तय है तो कुछ में अधिक भुगतान हो रहा है। मरीज व निजी अस्पताल दोनों के लिए इसका संतुलन बहुत जरूरी है इसलिए व्यापक समीक्षा करवा रहे हैं। इसके आधार पर राशि बढ़ाई व घटाई जाएगी। वहीं आने वाले दिनों में आयुष्मान कार्डधारी व अस्पतालों को योजना के तहत कई रियायतें भी मिलेंगी। एसएचए के अधिकारियों का कहना है कि 350 बीमारियों को योजना में शामिल कर रहे हैं।



### गड़बड़ी रोकने यह भी होगा

आयुष्मान भारत योजना को अवैध तरीके से कमाई का जरिया बनाने वाले निजी अस्पतालों का स्पेशल आउटि भी कराया जाएगा। अभी सरकार थर्ड पार्टी ऑडिट करवा रही है। योजना के चालू होते ही सरकार ने विभाग के स्तर पर ऑडिट की व्यवस्था शुरु की थी।

### डीपीआई ने जारी किए आदेश

# बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन में लगे शिक्षकों की 9वीं-11वीं की परीक्षा में नहीं लगेगी ड्यूटी

**परीक्षा के कुछ पेपरों में समय भी संशोधित**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में 6 मार्च से कक्षा 9वीं 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं 12वीं की परीक्षाएं अंतिम दौर में है। इसके साथ ही इन कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो चुका है। हालांकि 9वीं 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं से बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रभावित न हो इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने व्यवस्थाओं में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को 9वीं 11वीं की परीक्षाओं में डयूटी नहीं लगाई जाएगी। इन्हे परीक्षा व्यस्था से मुक्त रखा जाएगा। इसके साथ ही 9वीं 11वीं की परीक्षा के कुछ पेपरों में समय संशोधित भी किया गया है।

### प्राथमिक या माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी

आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने इसके आदेश जारी करते हुए कहा है कि दसवीं-बारहवीं परीक्षा का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। जबकि छह मार्च से 9वीं-11वीं की स्थानीय परीक्षाएं शुरू हो रही है। कक्षा 11वीं की परीक्षा प्रथम पाली व कक्षा 9वीं की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित कराने हेतु पूर्व में समय-सारिणी जारी की गई है। मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो इसके लिए बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य में लगे मूल्यांकनकर्ताओं को स्थानीय परीक्षा में पर्यवेक्षण कार्य से मुक्त रखा जाए। ताकि दसवीं-बारहवीं परीक्षा के मूल्यांकन कार्य समय पर किया जा सके। पर्यवेक्षण कार्य में प्राथमिक या माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए।

### 9वीं-11वीं की समय-सारिणी में यह हुआ बदलाव

9वीं-11वीं की वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी में किए गए आंशिक संशोधन के अनुसार 11वीं में 6 मार्च को राजनीति शास्त्र, 7 मार्च को संस्कृत, 11 मार्च को गणित व 14 मार्च को भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबेंडरी, मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग, एंड फिसरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास का पेपर सुबह 9 से 12 बजे तक होना था। संशोधित समय अनुसार अब यह पेपर दोपहर 2 से 5 बजे तक होंगे।

### जनजातीय क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर में हुई वृद्धि

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने आरएसके संचालक को दिए जांच के निर्देश, रिपोर्ट भी तलब

# अकेले बड़वानी जिले में 1788 से ज्यादा छात्रों ने छोड़ा स्कूल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने प्रदेश के कई जनजातीय क्षेत्रों व जिलों के स्कूली बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर में वृद्धि होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने मामले में संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने बच्चों के स्कूल छोड़ने के कारणों की जांच कर परामर्श शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं ऐसे बच्चों के परिवारो की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करा बच्चों को पुनः शिक्षा ग्रहण की ओर अग्रसर कराए जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अकेले बड़वानी जिले में 1788 से ज्यादा छात्रों द्वारा स्कूल छोड़ा गया है। ऐसे प्रदेश में कई जिले है जिसमें बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ रहे है। राज्य अधिकारी का कहना है कि इस संबंध में मूल कारणों को संबोधित करने के उद्देश्य से लक्षित हस्तक्षेप और नीतियों को लागू करने के प्रयास तेज कर रहे हैं।



### आयोग ने पूछा-अस्पताल में टूटे पलंग कितने हैं

भोपाल के कमला नेहरू गैस राहत अस्पताल में महिला वार्ड में भर्ती 70 वर्षीय महिला की मृत्यु होने की घटना पर आयोग ने अस्पताल अधीक्षक से जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही अस्पताल में टूटे पलंग कितने है, जिनका उपयोग मरीजों के लिये किया जा रहा है। इसे तत्काल सुरक्षित अवस्था में लाये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।

### सीएमएओ को शो-कॉज नोटिस

मप्र मानव अधिकार आयोग ने 2022 के एक मामले में अबतक जवाब न देने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छतरपुर को शो-कॉज नोटिस सहित पांच हजार रूपए का जमानती वारण्ट 30 अप्रेल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होने के लिए जारी किया।

# संत कॉलेज की रासेयो इकाई का विशेष आवासीय शिविर ग्राम मुगालिया हाट में

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष आवासीय शिविर ग्राम मुगालिया हाट में आयोजित किया जा रहा है, जो सात मार्च तक चलेगा।

शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी,रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विभा खरे,डॉ. मीना बरसे एवं प्रो. दीपिका सक्सेना सहित प्रो. बबीता गोस्वामी एवं बड़ी संख्या में रासेयो की स्वंय सेविकाएं उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर आधारित विशेष शिविर का उद्देश्य स्वंय सेविकाओं को रासेयो के लक्ष्य अनुसार समाज सेवा एवं जनजागरूकता का संदेश देना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आप सभी स्वंय सेविकाएं विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेंगी। यह शिविर आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। गांव में रहकर रासेयो के अंतर्गत आपने जो सीखा है उसे जीवन शैली में अनुसरण करना महत्वपूर्ण है।

रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विभा खरे ने सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि इस शिविर में परियोजना कार्य, बौद्धिक चर्चा, सांयकालीन गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा विषय आधारित संवाद सत्र, प्रशिक्षण एवं ग्राम सम्पर्क एवं सर्वेक्षण कार्य, परेड अभ्यास एवं खेलकूद,योग व ध्यान प्रमुख है।



### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए प्रदेशभर के कलेक्टरों को दिशा-निर्देश

# सभी स्कूलों में पेयजल व्यवस्था, बालक बालिकाओं के लिए होंगे अलग शौचालय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के सभी स्कूलों में क्रियाशील पेयजल एवं स्वच्छता सुविधा के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं शौचालय में रनिंग वाटर सुविधा सहित साबुन से हाथ धोने की सुविधा क्रियाशील स्थिति में होना अति आवश्यक है। इस व्यवस्था को कलेक्टर एवं सह जिला मिशन संचालक को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उक्त निर्देशों का पालन समय सीमा में प्राथमिक स्तर पर सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में शौचालय बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग उपलब्ध हो। यह कार्य जेजेएम, अमृत, समग्र शिक्षा योजना एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों से किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में नल से प्राप्त जल (टेप वाटर) उपलब्ध कराने की योजना क्रियान्वित की जाए।



### पानी की गुणवत्ता का भी होगा परीक्षण

जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूलों में पानी की गुणवत्ता का परीक्षण समय-समय पर किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो कीटाणुशोधन प्रणाली सुनिश्चित की जाए। स्कूलों में पानी और स्वच्छता सम्पत्तियों के रख-रखाव की सहायता सुनिश्चित की जाए। इसके लिये 15वें वित्त आयोग में पानी और स्वच्छता के लिये अनुदान देने और जहां भी आवश्यक हो स्वच्छ भारत कोष जैसे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाए।

**मेट्रो एंकर**

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ दिनी आयोजन

# महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर सत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वुमेन कुंजल वेलफेयर सोसाइटी भोपाल और विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से ÷अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024÷ पर विभिन्न गतिविधियां कीं।

आठ दिनी आयोजन के अंतिम दिन पैनल डिस्कशन की मुख्य वक्ता स्वाति परमार (वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ- राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण परियोजना, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) लुबना अब्दुल्ला (पोषण विशेषज्ञ- शिशु और बाल पोषण) और कुमुद सिंह (जेंडर विशेषज्ञ, एनजीओ सरोकार की संस्थापक) थीं। कुमुद ने अपने वक्तव्य में महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तृत रूप से उदाहरणों के माध्यम से महत्व बताया। लुबना ने महिलाओं के पोषण के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि स्वस्थ समाज स्वस्थ महिला की वजह से संभव हो सकता है। पैनल डिस्कशन की तृतीय वक्ता सुश्री स्वाति ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश में जिला स्तर, तहसील स्तर, विकासखंड स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर महिला सशक्तिकरण पर कितनी प्रगति हुई है एवं कितनी बाकी है। वक्ताओं द्वारा जेंडर, महिलाओं की पोषण स्थिति, युवा स्वस्थ व सुरक्षित समाज बनाने में कैसे योगदान दे सकते हैं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के विकास व कौशल को बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला गया। यह पैनल डिस्कशन अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में पूर्णतः सफल रहा।सत्र के बाद छात्राओं के कई प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर वक्ताओं द्वारा दिए गए। इस कार्यक्रम में 100 से ज्यादा एस.एच.आई.एम. की छात्राओं ने भाग लिया। इसके साथ ही विभिन्न कॉलेजों के लिए ÷महिलाओं में निवेश करें-प्रगति में तेजी लाएं÷ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसके पुरस्कार-वितरण समारोह मे संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल, कॅरियर कॉलेज, पं. दीन दयाल उपाध्याय गर्ल्स कॉलेज, भोपाल और साधु वासवानी ऑटोनॉमस कॉलेज, भोपाल के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी और डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने कार्यक्रम के संचालन के लिए एस.एच.आई.एम. यू.एच.वी. और एस.पी.डी. क्लब की सराहना की है।



### सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री से मुलाकात की

# आशाराम बापू के साधकों ने पेरोल के लिए ज्ञापन सौंपा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**


श्री योग वेदांत सेवा समिति के महिला संगठन व युवा सेवा संघ ने आशारामजी बापू की पेरौल के लिए अभियान शुरू किया है। राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को ज्ञापन सौंपकर मानवाधिकार के लिए साथ देने का आग्रह किया।

आशाराम के साधक-साधिकाओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर से मुलाकात की। दोनों नेताओं को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 11 वर्षों से जोधपुर जेल में हैं एवं वर्तमान में कई घातक बीमारियों से ग्रस्त हैं।जेल में न ही उनको उचित इलाज दिया जा रहा है और न ही इलाज करवाने के लिए पेरौल दी जा रही है।

महिला उत्थान मंडल संगठन की सैंकड़ों महिलाओं ने सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर से उनके आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा। बापूजी को झूठे केस फंसाया था। आशाराम के साधकों ने कहा है कि सांसद ने भक्तों को आश्वस्त किया गया कि उनका ज्ञापन ऊपर तक पहुँचाऊंगी। प्रतिनिधि मंडल ने बिसाहू लाल सिंह (पूर्व खाद्य मंत्री) को भी ज्ञापन सौंपा है।



# हर जरूरतमंद को मिल रहा गरिमापूर्ण जीवन



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में 'गरीब कल्याण' के मिशन एवं विज़न को सार्थक स्वरूप मिल रहा है। प्रदेश का विकास, बच्चों का उज्ज्वल भविष्य, हर वंचित को सम्मान और गरीब की जिंदगी बेहतर बनाना ही हमारा लक्ष्य है।

**-डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री

## जनहित योजनाओं की राशि का अंतरण तथा विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# राशि ₹ 700 करोड़

- राज्य स्तर पर 56 लाख हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन
- 689 गांवों को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना की राशि का अंतरण
- 2 लाख से अधिक जनजाति बहनों को आहार अनुदान सहायता

**अमझेरा में भगवान श्रीकृष्ण लीला के विशिष्ट स्थान अमका-झमका माता मंदिर के दर्शन**

मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**2 मार्च, 2024 - अपराह्न 3:00 बजे - धार, मध्यप्रदेश**

- वृद्ध, निराश्रित एवं दिव्यांगजनों को मिल रही वार्षिक ₹ **3600** करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन
- 'पीएम आदि आदर्श ग्राम योजना' से प्रदेश के **7300** से अधिक जनजातीय बहुल ग्रामों में सड़क, टेलीकॉम कनेक्टिविटी स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण एवं कौशल विकास के कार्य
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजातियों की बहनों के खाते में अब तक ₹ **1580** करोड़ से अधिक की राशि अंतरित


D-11223/23

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | मध्यप्रदेश शासन | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# जीवन की सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल






# आपातकालीन एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** द्वारा

**2 मार्च 2024 - दोपहर 12:30 बजे - शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, उज्जैन**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मानवीय पहल और विजन से प्रदेश में आपातकालीन एयर एम्बुलेंस सुविधा के रूप में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम**

सड़कों और औद्योगिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं, हृदय रोगी अथवा जहर से प्रभावित व्यक्तियों को अब मिल सकेगा अच्छे चिकित्सा संस्थानों में समय पर इलाज।

एयर एम्बुलेंस सेवा में हृदय रोग, श्वास और तंत्रिका संबंधी बीमारियों, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य समस्याएं, उच्च जोखिम वाले गर्भधारण तथा आपदाओं की स्थिति को संभालने के लिये प्रशिक्षित एवं सुसज्जित टीमें।

अस्पताल द्वारा मरीज की स्थिति की गंभीरता की जांच के उपरांत मिल सकेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा।

स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, आयुष संस्थाओं तथा निजी अस्पतालों को समन्वित करते हुए प्रदेश के सभी जिलों और विकासखंडों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए रोडमैप विकसित किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक जिले से एयर एम्बुलेंस का संचालन भी शुरू किया जा रहा है, जिससे गंभीर रोगियों को बेहतर चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए हवाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11224/23

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम में प्रथम स्थान मढ़ई बायसन रिसॉर्ट को



**नर्मदापुरम।** भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में देश में आतिथ्य सुविधा जैसे रिसॉर्ट, होमस्टे, धर्मशाला इत्यादि सुविधाओं के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ई में स्थित बायसन रिसॉर्ट को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद नर्मदापुरम की अध्यक्ष सुश्री सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस एस रावत द्वारा फाइव ग्रीन रेटिंग प्रमाण पत्र बायसन रिसॉर्ट, मढ़ई को प्रदान किया गया। फाइव लीफ रेटिंग अंतर्गत आतिथ्य सुविधाएं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, होटल, होमस्टे, धर्मशाला आदि में आवास सुविधाओं के अंतर्गत स्वच्छता के मापदंडों को पूरा करने पर बायसन रिजॉर्ट मढ़ई को यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला मढ़ई बायसन रिसोर्ट पूरे देश में पहला पर्यटन स्थल है।

## संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला अंतर्गत दंगल प्रतियोगिता आयोजित



**नर्मदापुरम।** संत शिरोमणि श्री राम जी बाबा मेला के अंतर्गत एस.एन.जी. स्टेडियम में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा कराया गया। दंगल प्रतियोगिता में सौरभ पहलवान ग्वालियर, विक्रम पहलवान रायसेन, शुभम पहलवान दतिया, रानू पहलवान भिण्ड, शिवम् पहलवान भोपाल, देवांश पहलवान बरेली, करण पहलवान हरदा, देव पहलवान मण्डीदीप, देवेन्द्र पहलवान सिवनी मालवा, इरफान पहलवान बुदनी, वीरू पहलवान इटारसी सहित 29 पहलवानों ने भाग लिया।

## अयोध्या से लौटे राम भक्तों का किया स्वागत



**सिवनी मालवा।** विगत दिनों सिवनी मालवा से श्रद्धालुओं का एक मंडल भगवान श्री राम के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। जो शुक्रवार के दिन दर्शन करके वापस लौटा जिन्हे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अयोध्या से आए राम भक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन राम जानकी मंदिर में किया गया। इस दौरान श्रीमती इंद्रा लोवंशी,सुगना लोवंशी,छाया रघुवंशी,अनीता लोबांशी,जागृति लोबांशी ,मालती लोबांशी,संगीता मेहरा, सहित अन्य लोबांसी समाज की महिलाएं उपस्थित थी।

# सीएमओ के बचाव में आदिवासी संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और सीएमओ के विवाद पर एक नया मोड़ आ गया है। जहां सीएमओ शीतल भलावी के पक्ष में सर्व आदिवासी सामाजिक संगठन के लोगो ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति,मुख्यमंत्री,जनजाति आयोग के नाम का ज्ञपन तहसीलदार राकेश खजूरिया को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि सुश्री शीतल भलावी सिवनी मालवा नगर पालिका में सीएमओ के पद पर कार्यरत हैं । सीएमओ के आवास पर नगर पालिका का दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी गौरीशंकर वैष्णव घर के बाहर देखरेख और पेड़ पौधों की सुरक्षा व पानी देने के कार्य में लगा हुआ था। कर्मचारी ने सीएमओ की अनुपस्थिति में उनके पर्सनल रूम की वीडियो बनाकर लोगों को भेजी । इससे श्री वैष्णव की दूषित मानसिकता प्रदर्शित हो रही है इस विषय पर सीएमओ सुश्री



शीतल भलावी ने बताया है कि मुझे यह भी ज्ञात नहीं की कौन कौन सी वीडियों मेरी जानकारी के वगैर इनके द्वारा बनाई गई है चूंकि मैं एक अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला हूं। उक्त व्यक्ति के इस कृत्य से मुझे अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना पहुंची है एवं मुझे असुरक्षित महसूस हो रहा है तथा मेरी मान प्रतिष्ठा पर ठेस पहुंचाई गई है।

संगठन के लोगों ने ज्ञापन में कहा है कि आदिवासी महिला के बेडरूम में ताला खोल कर कपडें को विखराकर घर के पर्सनल रूम का विडियो बायरल किस के कहनें पर किया है । एक दैनिक वेतन कर्मचारी को हटाया तो आदिवासी महिला अधिकारी को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने ज्ञापन में कहा कि हम सभी एसटी एससी के सामाजिक लोग अनुरोध करते है कि उक्त कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें एंव जाँच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में मनीषा उईके, संतोष ईरपाचे, अनिल उईके, दीपेश, अजय, भूपेंद्र धूर्वे, हरीओम इवने, दिलीप धूर्वे सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### पचमढ़ी में आयोजित महादेव मेला पर प्रशासन ने की व्यापक व्यवस्थाएं...

# महादेव के दर्शन पूजन अर्चन को पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में 29 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित महादेव मेला के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर चालू है। पचमढ़ी में चौरागढ़, बड़ा महादेव, नांदिया, गुप्त महादेव, जटाशंकर आदि स्थानों पर सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा हुआ। मान्यता अनुसार मन्नत पूरी होने पर चौरागढ़ स्थित महादेव मंदिर में त्रिशूल चढ़ाने की प्रथा है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालु चौरागढ़ स्थित महादेव मंदिर में पैदल त्रिशूल चढ़ाने जा रहे हैं, किंतु श्रद्धालुओं के मन में उत्साह की कोई कमी नहीं। श्रद्धालु दर्शन को उमड़ते रहे मेले में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी गई है। कदम-कदम पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पचमढ़ी में आयोजित महादेव मेला में मेला स्थल तथा अन्य स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसमें चौरागढ़ में स्थित बड़े महादेव मंदिर तक के रास्ते में विभिन्न पड़ाव पर एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र में निशुल्क पेयजल, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दवाएं तथा चिकित्सक, मेला क्षेत्र में बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई के अलावा श्रद्धालुओं के ठहरने इत्यादि की



### मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सहायता केंद्र स्थापित

मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा हो। मेला क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के गुम हो जाने पर या मेला क्षेत्र में किसी भी असुविधा या शिकायत होने पर कंट्रोल रूम नंबर 07578-252025 पर शिकायत की जा सकती है। शिकायत एवं सुझाव से संबंधित फ्लेक्स को भी मेला क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर लगाया गया है। इसी प्रकार मेले में महिला सहायता के लिए महिला प्रकोष्ठ भी कंट्रोल रूम में स्थापित है। संपूर्ण मेला स्थल में विभिन्न अस्थाई दुकानें भी स्थापित हैं जिनमें श्रद्धालु अपनी सुविधा अनुसार अपनी जरूरत की चीजों की खरदारी कर रहे है इसी के साथ खाने पीने नाश्ता आदि की भी दुकान मेला क्षेत्र में लगी हुई है। साथ ही साथ कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा के निर्देश अनुसार महादेव मेला क्षेत्र में यात्रियों श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों के लिए व्यापक प्रबंध किए गए वाहनों के आवागमन में दिक्कत ना हो इसे ध्यान में रखते हुए निर्धारित स्थलों पर अस्थाई पार्किंग व्यवस्था भी की गई है।

### नर्मदा कॉलेज में मनाया गया विज्ञान दिवस

## प्रदर्शनी में अमृत काल और विकसित भारत में विज्ञान की भूमिका की झलक दिखाई दी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भौतिक विभाग द्वारा मनाया गया.जिसमें पोस्टर, फ्लेक्स, प्रश्न मंच, ड्रामा, नृत्य प्रतियोगिताएं, विज्ञान प्रदर्शनी और पी पी टी द्वारा विकसित भारत एवं विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों को दिखाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ बी एस आर्य ने डॉ सी वी रमन के जीवन परिचय के साथ विज्ञान दिवस पर प्रकाश डालते हुए विषय प्रवर्तन किया।प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने मॉडल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और विज्ञान के बढ़ते कदमों तथा विकास को संदर्भित किया। कार्यक्रम में मालवीय अस्पताल के संचालक डॉ श्रवण मालवीय और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्रुति मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके द्वारा विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और छात्र अभय अमोले को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहन स्वरूप आई पैड प्रदान किया गया । प्रतियोगिताओं के परिणामों में मॉडल प्रदर्शनी में सेजल, शीतल,अंजलि भाटी की टीम प्रथम, निकिता यादव द्वितीय तथा तुलसीराम युवराज और करण तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभा खाड़े प्रथम, रितिका मांझी द्वितीय तथा कशिश तृतीय स्थान पर रहीं।



### मुख्यमंत्री यादव ने किया कीरतपुर के 24 करोड़ के एग्रो रिच फार्म का लोकार्पण

# मोहासा में 191 करोड़ के कामों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में रीजनल इण्डस्ट्रीज कॉन्क्लेव उज्जैन 2024 के दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया। डॉ.मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेश सहित नर्मदापुरम जिले के एक लोकार्पण एवं एक भूमि पूजन कार्यक्रम का भी वर्चुअल उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने औद्योगिक क्षेत्र कीरतपुर में मेसर्स एग्रो रिच फॉर्मस एक्सपोर्टस लागत लगभग 24 करोड़ रूपए का लाकार्पण किया तथा औद्योगिक क्षेत्र मोहासा/माखननगर में निर्मित इकाई मेसर्स भगवती एग्रोकेम प्रा.लि. प्रस्तावित लागत लगभग 191 करोड़ का वर्चुअली भूमिपूजन किया। इस इकाई में लगभग 70 लोगो को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर कीरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक नर्मदापुरम डॉ.सीताशरण शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे। नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र किरतपुर में 181 में से 160 प्लॉट अलॉट हो चुके हैं इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योगपतियों को हम दे सकते हैं रॉ मैटेरियल उन्हें स्वयं लाना होता है। उन्होंने कहा कि जिले में उद्योगपतियों के आने से हम आने वाले दिनों में पंजाब की बराबरी भी कर सकेंगे उन्होंने कहा कि जिला उद्योगों से बढ़ेगा तो हमारा क्षेत्र भी बढ़ेगा।


डॉक्टर शर्मा ने कहा कि हम उद्योगपतियों को बिजली पानी सड़क दे रहे हैं। पूर्व सरकार में यह सब नहीं मिल पाता था, इसलिए उद्योग के क्षेत्र में प्रदेश पिछड़ा गया था। लेकिन अब हम उद्योग के क्षेत्र में काफी आगे हैं। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि उद्योगों का जब ग्रोथ होता है तो उससे सरकार एवं जनता का भी ग्रोथ बढ़ता है। हालांकि लेबर लॉस एक परेशानी है। लेबर लॉस से सबसे ज्यादा नुकसान श्रमिकों का ही होता रहा है उन्होंने कहा है कि इसे दूर करना आवश्यक है। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि पश्चिम बंगाल में उद्योगों का विरोध किया गया तो टाटा ने सिंगूर से अपना अपनी यूनिट गुजरात ले गए। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि उद्योगपति होना साहस का काम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का ध्यान अभी सबसे ज्यादा एमएसएमई पर है। इससे लोकल उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ योगी आदित्यनाथ ने जो व्यवस्था उद्योगपतियों को दी है वैसे ही हम व्यवस्था यहां पर उद्योगपतियों को देने का प्रयास करेंगे। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि मुझे जानकर प्रसन्नता हुई की आप सभी लोगों का फीडबैक शासन व प्रशासन के प्रति सकारात्मक है। यहां मार्केट लिंकेज उपलब्ध है।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2024-25 की संपत्ति रजिस्ट्रीकरण की दरें प्रस्तावित

### दावा-आपत्ति आमंत्रित करने के पश्चात शासन को भिजवाई जाएगी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत आने वाली समस्त अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य की संग्रणना के लिए बाजार मूल्य मार्ग दर्शन सिंद्धांतो को बनाए जाने एवं गाईड लाईन अनुसार वर्ष 2024-25 की दरें निर्धारित करने के लिए बैठक आयोजित की गई। उप जिला मूल्यांकन समिति नर्मदापुरम



इटारसी, सिवनीमालवा, पिपरिया, बनखेड़ी एवं सोहागपुर के प्रस्ताव प्राप्ति उपरांत वित्तीय वर्ष में संपदा 2.0 प्रणाली लागू किया जाना संभावित है। बताया गया कि वर्ष 2023-24 में 160 करोड़ रूपए के विभागीय लक्ष्य के विरूद्ध 135 करोड़ रूपए की आय अर्जित हो चुकी है। जिला तीव्र गति से शहरीकरण की ओर अग्रसर हो रहा है। अतः गाइड लाइन की दरों को वास्तविक बाजार मूल्य के निकट रखा जाना है।

संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारण के पश्चात दावा-आपत्ति आमंत्रित कर फाईनल दरें अनुमोदन के लिए शासन को भिजवाई जाएगी। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि जिला रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार मिलकर मौके पर जाके स्थल निरीक्षण कर युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को देखे। जनप्रतिनिधियों को भी दिखाए की कही उक्त लोकेशन की दरें बाजार मूल्य से अधिक तो नहीं हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जल्द ही युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव भिजवाए जाएं।

जिला पंजीयक ने बताया कि नर्मदापुरम के 38 नगरीय क्षेत्र में रजिस्ट्रीरण में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 1.52 प्रतिशत की वृद्ध प्रस्तावित है वहीं ग्रामीण क्षेत्र के 64 स्थानों के लिए 2.44 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। इटारसी के नगरीय क्षेत्र की 8 लोकेशन के लिए 0.5 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्र की 10 प्रतिशत लोकेशन के लिए 0.6, सिवनीमालवा के नगरीय क्षेत्र के 16 स्थानों के लिए 1.48 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 10 स्थानों के लिए 0.4 प्रतिशत, पिपरिया में 8 नगरीय क्षेत्रों के लिए 0.9 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्र के 33 स्थानों के 1.45 प्रतिशत, सोहागपुर के नगरीय क्षेत्र की 1 स्थान के लिए 0.1, ग्रामीण क्षेत्र के 14 स्थानों के लिए 0.64 प्रतिशत तथा बनखेड़ी के नगरीय क्षेत्र के 6 स्थानों के लिए 0.57 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 22 स्थानों के 1.44 प्रतिशत संपत्ति रजिस्ट्रीकरण में वृद्धि प्रस्तावित की गई है।

## खनिज, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, रेत का अवैध परिवहन करने पर वाहन जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



जिले में रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर कलेक्टर के निर्देशन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि उक्त विभागों द्वारा संयुक्त रूप से रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरन्तर की जा रही है। इसी क्रम में गतदिनो रेत/गिट्टी आदि का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर 24 डंपर, 1 लोडर, दो ट्रेक्टर ट्राली इस तरह कुल 27 वाहन जप्त किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निमसाड़िया से डम्पर क्रमांक आरजे 17 जेबी 0592, एमपी 04 एचई 5598, एक ट्राली तथा ग्राम रजौन से 1 लोडर, ग्राम घानावड़ से एक टेक्ट्रल टाली, तवा पुल के पास से डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 3720, आरजे 17 जीबी 0603, आरजे 17 जीबी 1375, डंपर क्रमांक एमपी 04 जेएस 5288, आरजे 09 जीडी 8125, एमपी 47 जेडसी 9129 एवं एमपी 47 एच 1923, वाहन क्रमांक एमपी 37 जीए 2814, एमपी 09 जीएफ 3237, एमपी 04 जीबी 0136, एमपी 16 जीए 1794, आरजे 09 जीडी 7269, आरजे 17 जीसी 1137, आरजे 17 जीबी 1544, आरजे 17 जीबी 1164, आरजे 17 जीबी 0341, आरजे 17 जीबी 3573, आरजे 17 जीबी 1647, आरजे 17 जीबी 9611, एमपी 05 जी 7712, एमपी 05 जी 8012 को रेत का अवैध परिवहन तथा डम्पर क्रमांक एमपी 04 जेडके 8288 को गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करने पर जप्त किया गया।

## प्रोफेशनल कबड्डी सीजन- 10 की विजेता बनी पुणे की पुणेरी पलटन टीम



**नर्मदापुरम।** विगत 91 दिनों से चल रही प्रोफेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गत रात हैदराबाद स्टेडियम में हरियाणा स्टीलर एवं पुणेरी पलटन के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में पुणेरी पलटन ने तीन अंको से मुकाबला जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। पुणेरी पलटन के रेडर पंकज मोहिते ने फाइनल मुकाबले में 9 अंक प्राप्त किए. मोहिते को मैच के बेस्ट रेडर का 15 लाख का पुरस्कार प्राप्त किया. बेस्ट डिफेंडर के रूप में विजेता टीम के गौरव खत्री को पुरस्कार15 लाख का पुरुस्कार दिया गया। प्रोफेशनल कबड्डी के सीजन 10 में वेस्ट डिफेंडर के रूप में पुणेरी पलटन के ईरानी डिफेंडर मोहम्मद सादलू को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर घोषित कर 20 लाख का पुरस्कार दिया गया गया।

**मेट्रो एंकर**

### बैठक में अनुपस्थित इटारसी मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए

# किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर से की मुलाकात

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

### ओलावृष्टि से नुकसान का आकलन कर जल्द ही शासन को मुआवजा राशि के लिए प्रस्ताव भिजवाया जाएगा - कलेक्टर

### नापतौल विभाग मंडी में स्थापित तौल कांटों को सत्यापित करेंगे

नर्मदापुरम कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसान एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल बीमा में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए किसान प्रतिनिधियों एवं किसानों से चर्चा की। किसानों ने कलेक्टर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि बारिश के कारण गेहूं की फसल खराब हुई है। बीमा कंपनी राहत राशि देने में अनावश्यक विलंब कर रही है। बहुत से किसानों को पता ही नहीं है कि बैंक ने उनकी किस फसल का बीमा कराया है। सिवनी मालवा में कई गांव की फसल ओलावृष्टि से चौपट हुई है। किसानों ने कलेक्टर से कहा की तत्काल सर्वे कराकर राहत राशि देना सुनिश्चित करें। अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से छोटे किसानों की कमर टूट गई है । किसानों ने बताया कि बीमा कंपनी से तालमेल न होने के चलते नुकसान का आकलन नहीं हो पा रहा है। ऊपर से जो फसल का बीमा है, उसी फसल की राहत राशि का प्रीमियम जमा कराया गया है । जबकि कुछ किसानों ने गेहूं की जगह चना की फसल भी लगाई थी। कुछ किसानों ने बताया कि चने का प्रीमियम दिया है लेकिन गेहूं की फसल बोई थी। पटवारी गिरदावरी करते हैं तो फसल में भिन्नता आती है। कुछ किसानों की गिरदावरी गलत अपलोड हुई है। पटवारी ने जो गिरदावरी की है वह पोर्टल पर नहीं दिख रहा है । बीमा कंपनी का सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है। यदि किसान का एक हल्के में नुकसान हुआ है और दूसरे हल्के में फसल ठीक है, तो राहत राशि मिलने में दिक्कत पैदा हो रही है।



कलेक्टर ने सभी किसानों की समस्याओं को ध्यान से सुना और कहा कि सभी किसानों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को मिलेगा और ओलावृष्टि से जो फसल का नुकसान हुआ है उसका जल्द ही आकलन करके राहत राशि का प्रस्ताव शासन स्तर पर भिजवाया जाएगा। बीमा कंपनी भी सेटेलाइट सर्वे कर रही है। सेटेलाइट के द्वारा होने वाले सर्वे और उसके आंकड़े भी मान्य है। किसी भी कीमत पर समर्थन मूल्य से नीचे गेहूं नहीं खरीदा जाएगा । बताया गया कि गेहूं पंजीयन की तिथि 7 मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है। कलेक्टर ने तौल कांटों की शिकायत प्राप्त होने पर कहां की नापतोल विभाग तौल कांटों को सत्यापित करेंगे।

किसान प्रतिनिधियों एवं किसानों ने इटारसी मंडी सचिव की शिकायत करते हुए बताया कि मंडी सचिव अनुपस्थित रहते हैं। मंडी सचिव प्रभार में है मंडी में स्थाई सचिव की नियुक्ति की जाए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने इटारसी कृषि उपज मंडी सचिव को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एक सप्ताह में समस्त कार्रवाई विवरण तैयार कर लिया जाएगा। बैठक में उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ, डीएसओ श्रीमती ज्योति जैन, जिला पंजीयक शिवम मिश्रा,भारतीय किसान यूनियन टिकैत मध्यप्रदेश नर्मदापुरम के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे,प्रदेश महासचिव हंसराज गालर, संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह राजपूत, सिवनी मालवा तहसील महासचिव राजनारायण रघुवंशी, चंचल राजपूत क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर सिंह राजपूत, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के रमाकांत मीना एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के राकेश गौर सहित अनेक पदाधिकारियों और मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जिला सहकारी बैंक, जलसंसाधन विभाग, खाद्य विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिकृत बीमा कंपनी एस बी आई के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे थे।



# आंधी तूफान से गेहूं की फसल उड़कर आई रोड पर, किसानों का हुआ काफी नुकसान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मौसम परिवर्तन से किसने की चिंताएं तो वैसे ही बढ़ रही थी तो वही ग्राम मुगलसराय में हवा आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई तेज आंधी हवा के साथ कई घरों के सामान उड़ कर इधर-उधर हो गया जिससे कई परिवारों का घरों का नुकसान भी हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम हरगनाखेड़ी, दीपना खेड़ा, प्यासी, गरेठ, ललितपुर, दामोदर खेड़ी आदि ग्रामों में हल्की बारिश के साथ तेज आंधी चलने से कई घरों के टीन सेट उड़ गए झोपड़ी भी हवा में उड़ते हुए नजर आए दूसरी और तेज आंधी चलने से गेहूं की फसल को



नुकसान हुआ है वह हवा के कारण आड़ हो गई दिन में ही काली घटाओं के कारण अंधेरा छा गया था आंधी हवा के साथ खेतों में खड़ी फसल रोड पर आ गई जिससे किसानों का काफी लंबा नुकसान होना बताया जा रहा है। वही खबर लिखे जाने तक क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ कई जगह हल्की बारिश तो कहीं तेज बारिश और तेज हवा से फसले भी उड़कर रोड पर आ गई कई फसले आड़ी हो गई जिससे काफी नुकसान होना बताया जा रहा है।इस समय उनकी साल भर की मेहनत खेतों में खड़ी हुई है कई किसानों की फसल पक्का तैयार होने की कटाई के बाद उसको निकालने का कार्य भी किसानों के द्वारा दिन-रात किया जा रहा है । कुछ फसले हरी लहरा रही है यदि इस समय बारिश के साथ यदि किसी भी तरह की प्रकृति का आपदा होती है तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा इस वजह से की चिंताएं लाजमी है। बारिश तथा हवाएं चलने से मौसम में ठंडा खुल गई।

## आकाशीय बिजली के तेज धमाके के साथ सुबह से हुई बारिश

सिवनी मालवा आज शनिवार की सुबह 5 बजे से ही आकाश में हो रही तेज बिजली की गढ़ गढ़ाहट के साथ रिमझिम पानी का दौर चालू हुआ जो लगभग 8 बजे तक गिरता रहा वही सुबह-सुबह तेज आवाज के साथ आसमान से बिजली चमक रही थी जिससे लोगों की नींद खुल गई अचानक आवाज सुनकर लोग जब अपने कमरे से बाहर आए तो पता चला कि बिजली चमकने के साथ बारिश हो रही है। आफत की बारिश ने किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है।

# विधायक के निर्देशों को भी नपा नहीं ले रही गंभीरता से, प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग से गायों की हालत खराब




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कई महीनो पहले प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वालों पर कार्रवाई करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका के अधिकारियों को मंच से निर्देश देते हुए कहा कि जिन व्यापारी के द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथीन को बेचने का काम किया जा रहा है। इनको पहले समझाई देकर बेचने पर रोक लगाई फिर नहीं माने तो करवाई करे कई महीने बीत जाने के बाद भी इनके आदेश पालन नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि भी करते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। खुलेआम प्रतिबंधित पॉलीथिन का चलन जोर-शोर से चल रहा है ।उपयोग करने वालों के द्वारा इसको सड़कों पर कचरे में फेंक दिया जाता है ।जिसको खाने से मवेशियों की हालत खराब हो रही है। शुक्रवार को एक गाय की पॉलीथीन खाने के कारण हालत इतनी ज्यादा खराब थी उसका पेट फूल गया था उसको उपचार के लिए आम आदमी ने नगर पालिका की गाड़ी से अस्पताल भेजा गया जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है ।इस तरह की तस्वीर प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। जगह-जगह प्रतिबंधित पानी के ढेर लगे रहते हैं और मवेशियों इसको खाते हुए नजर आते हैं ।यदि इसके उपयोग पर प्रतिबंध लग जाए तो इस तरह के हालात भी नजर नहीं आएंगे।

# बीच सड़क पर लोडिंग ऑटो खड़ा करके, सामान उतारने का किया जा रहा काम, वाहन चालक परेशान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को हाजीपुर में बीच सड़क पर एक लोडिंग ऑटो को खड़ा करके दुकानों पर सामान उतारने का काम चालक के द्वारा किया जा रहा था। जबकि यह सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है यहां पर दोनों तरफ से वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई पर लोडिंग वाहन चालक ने अपने लोडिंग वाहन को नहीं हटाया जब तक उसने सामान खाली नहीं कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों लंबी-लंबी लाइन वाहनों की लग गई । जाम लगने के कारण वाहन चालक परेशान होते रहे इस तरह की तस्वीर आए दिन यहां पर देखने को मिलती है ऐसे वाहन चालकों को रोकने टोकने का कार्य भी यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा नहीं किया जाता इस वजह से ऐसे लोडिंग वाहन चालकों के द्वारा खुलेआम आम जनता को परेशान करने का काम किया जा रहा है। मुख्य बाजार में भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिलती है अन्य मार्गों पर तो प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहनों का प्रवेश निरंतर जारी है ।इनको रोकने का काम भी यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा नहीं किया जा रहा लापरवाही से वाहनों को भी सड़कों पर खड़े करके आम जनता और वाहन चालकों को परेशान किया जा रहा है । लापरवाही बरतने वाले लोडिंग वाहन चालकों पर क्या यात्रा पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जाएगी या नहीं।

## सामान्य सभा की बैठक में निर्वाचित प्रतिनिधि ही बैठ सकेंगे

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

खुलेआम महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन विकासखंड में किया जा रहा है। नगर पालिकाओं , जिला पंचायत, जनपद से लेकर. सरपंचों का काम भी उनके पति या प्रतिनिधि देखकर सरकार और प्रशासन को ठेका दिखाने का काम कर रहे हैं। अधिकांश महत्वपूर्ण बैठक में महिला सदस्यों को लाने का काम तो किया जाता है कई बैठकों में इनकी उपस्थिति भी दर्ज नहीं होती है, पति, या प्रतिनिधि बैठक में इनके नाम के साइन करके व्यवस्था का मजाक उड़ा देते हैं। जबकि महिलाओं को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए शासन के द्वारा आरक्षण व्यवस्था को लागू किया गया है उसका भी दोहन कई जगह इनके प्रतिनिधि या पति कर रहे हैं।



मजबूरी में किसी बैठक में इनको शामिल किया जाता है तो इनको बोलने का अधिकार भी प्रतिनिधि नहीं देते हैं इस वजह से उनकी भागीदारी जिस तरह की होनी चाहिए उस तरह की नहीं हो रही है। महिला जनप्रतिनिधियों की आवाज को दबाने कर उनके म अधिकारों को छीने का प्रयास किया तो वहीं अब उनकी जगह पर प्रतिनिधि बैठेंगे तो कार्रवाई भी होगी इसके संबंध में जिला कलेक्टर ने जनपद सीईओ वंदना शर्मा को पत्र जारी करते हुए कहा कि महिलाओं जन प्रतिनिधि की जगह पर उनके प्रतिनिधि नहीं बैठ सकेंगे महिलाओं की सुनिश्चितता बढ़ाने के लिए कहां है यदि कोई प्रतिनिधि जबरन बैठता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सरकार के द्वारा महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है वह निर्वाचित होकर भी आ रही है पर उनकी जगह पर उनके पति व इनके प्रतिनिधियों ने कब्जा कर रखा है इस वजह से महिलाओं की भागीदारी जिस तरह की होनी चाहिए उस तरह की नहीं हो रही है ।दूसरी ओर महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने भी पत्र जारी करके जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि सामान्य सभा की बैठक में निर्वाचित जनप्रतिनिधि बैठे हैं इनकी जगह पर कोई प्रतिनिधि नहीं बैठना चाहिए त्रि स्तरीय पंचायत मैं महिलाओं की जन भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा आरक्षण दिया गया है। इनके अधिकारों का दामन भी कई जगह किया जा रहा है। निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि की जगह पर या तो उनके पति बैठते हैं या फिर उनके प्रतिनिधि उनकी जगह बैठकर काम करते हैं कई ग्राम पंचायत से लेकर जनपद सदस्य और अन्य जन प्रतिनिधि भी खुलेआम महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने का कार्य करते हैं। ग्राम पंचायत में अधिकांश जगहों पर महिलाओं के साइन खुद के द्वारा ही करके सारे काम किया जा रहे हैं। इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को है फिर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

इस वजह से ज्यादातर महिलाएं अपनी बात भी नहीं रख पाती हैं दूसरी ओर जब भी जनतपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक होती है तो उनकी जगह पर उनके प्रतिनिधि ज्यादा मौजूद रहते हैं । जबकि संख्या बल में महिला जनपद सदस्यों की संख्या ज्यादा है,इनको सवाल जवाब भी नहीं करने दिया जाता है अधिकांश सवाल-इनके प्रतिनिधियों के द्वारा किया जाता है। जिसमें जनपद अध्यक्ष भी महिलाएं उपाध्यक्ष भी महिलाएं पर उनके पतियों के द्वारा इनके काम को संचालित किया जा रहा है ।बैठक में केवल इनकी उपस्थिति होती है ,इनके द्वारा किसी भी तरह का कोई सवाल जवाब किसी विभाग के अधिकारी कर्मचारी से करते हैं। इसी तरह की स्थिति पिछले महीने हुई बैठक में भी देखने को मिला जहां पर 11 महिला जनपद सदस्य में से एक या दो जनपद सदस्यों ने अपनी बात रखी थी बाकी अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष भी पूरे समय शांत बैठी रही।

### महिला जनप्रतिनिधि बैठ सकेंगे

महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर के द्वारा जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक और अन्य बैठकों में महिला जनप्रतिनिधि की जगह पर अभी तक जो प्रतिनिधि बैठने आ रहे हैं ।उनको अब बैठने का अधिकार नहीं रहेगी यदि महिलाओं की जगह पर उनके प्रतिनिधि बैठते हैं तो उनके खिलाफ धारा 1993 के तहत कार्रवाई करने का अधिकार भी सक्षम आधिकारिक होगा इसके संबंध में जिला कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पत्र जारी करते हुए जनपद सीईओ को अवगत कराया है कि भविष्य में सामान्य सभा की बैठक में महिला सदस्यों की जगह पर इनके प्रतिनिधि नहीं बैठेंगे यदि बैठता है तो इनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का अधिकार भी है।

# प्रधानमंत्री जन-मन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत दामोदर खेड़ी में शिविर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

तहसील के ग्राम पंचायत दामोदर खेड़ी में प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया जिसमें सेहरिया जाति के लोगो के लिए ग्राम पंचायत दामोदर खेड़ी के ग्राम ओखली खेड़ा में आधर कार्ड बनाने का कैंप आयोजित किया जिसमे 40 लोगो के अधार कार्ड बनाए गए ओर समस्त सेहरिय जाति के जो लोग शेष आवास विहीन थे उनका सर्वे करके जो शेष बचे थे उनमें 26 लोगों के आवास भी बनने की शुरुआत हो गई



आवास बनाने पर सहरिया समाज लोगों में खुशी कि लहर है साथ ही जिनकी समग्र आईडी नही बनी थी बो भी समस्त लोगो की जनरेट की गई समस्त लोगो का डोर टू डोर सर्वे करके हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है जिसमे रोजगार सहायक नंदकिशोर कुर्मी के द्वारा समस्त सेहरिया जाति के लोगों की समग्र एवं प्रधानमंत्री जन-मन आवास के सर्वे करके हितग्राहियों को योजना का लाभ 5 मिल रहा है सचिव ओमप्रकाश पटेल एवं कोटवार ब पटवारी सबके साथ मिलकर जाति प्रमाण और जन्म प्रमाण पत्र जारी भी कराए गए वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी गणों का भी मार्गदर्शन मिल रहा है, डोर टू डोर सर्वे प्रधानमंत्री आवास जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं चिन्हित करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

**मेट्रो एंकर** फ्रीडम ग्लास के माध्यम से मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल ने अपने अनुभवों को साझा किया

# अल्पविराम से आज जीवन की वास्तविकता को जाना पुलिस लाइन में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा शुक्रवार को पुलिस लाइन मैं राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विदिशा जिले के विभिन्न पुलिस थाना के प्रधान आरक्षक शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एस आई ज्योति निगम व जिला कोऑर्डिनेटर संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव ने राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग के परिचय व अन्य गतिविधियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया मास्टर ट्रेनर अंजना श्रीवास्तव ने जीवन का लेखा-जोखा सत्र के माध्यम से अपने बीते हुए कल के उन पलों को याद कराया जिससे हैप्पीनेस कम होता है एवं बढ़ जाता है आगे उन्होंने कहा कि आप अपने हैप्पीनेस को कम करना चाहते हैं या बढ़ाना चाहते हैं हैप्पीनेस के हारमोंस कैसे डेवलप होते हैं और कैसे हम अपनी खुशी को बरकरार रख सकते हैं जिससे हमारे कार्य क्षेत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है वही अल्पविराम को स्वयं के जीवन में उतारने के लिए फ्रीडम ग्लास के माध्यम से मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जैसा हम बाहर देखना चाहते हैं ठीक वैसा ही हमें खुद को पहले बनना होगा पटेल ने कहां की जैसे हम हैं उसी में जीना सीखें मुखौटा लगाकर जीना कोई सार्थक जीवन नहीं है



उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अल्पविराम सीखने की नहीं बल्कि इसे जीने की जरूरत है समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज जीवन की वास्तविकता को जानने का मौका मिला है आज के परिवेश को देखते हुए इस तरह के कार्यक्रम समाज के हर एक वर्ग में जरूरी है इस दौरान समंदर यादव थाना मुरवास, अमित मिश्रा, धर्मेंद्र भदोरिया, रघुवीर मीणा, गोविंद यादव थाना सिरोंज, महेश पाठक थाना शमशाबाद, रवि राय थाना बैरसिया कला, युवराज सिंह सेंगर थाना काररिया, इंदर सिंह राजपूत थाना लटेरी, केशव पंथी, केशव शर्मा थाना कोतवाली विदिशा, भूपेंद्र वर्मा थाना ग्यारसपुर, राजकुमार मौर्य थाना सिविल लाइन विदिशा, जितेंद्र यादव थाना पथरिया, क्रांति भार्गव थाना कुरवाई, अमित सक्सेना थाना कोतवाली विदिशा, राकेश सेन थाना बासौदा सहित बड़ी संख्या में पुलिस मित्र मौजूद रहे।



### फॉर्च्यून बारिशल ने कोमिला विक्टोरियंस को 6 विकेट से हराया

# तमीम इकबाल की टीम बनी चैंपियन तेरह साल में पहला खिताब जीता

**मीरपुर, एजेंसी**

फोर्च्यून बारिशल ने 13 साल में पहली बार बांग्लादेश प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया है। मीरपुर में खेले गए फाइनल में टीम ने कोमिला विक्टोरियंस को 6 विकेट से हराया। काइल मेयर्स प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे, उन्होंने 46 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया। बारिशल टीम के ही तमिम इकबाल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 492 रन बनाए।

### विक्टोरियंस की शुरुआत खराब

शेर-ए बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बारिशल टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करते हुए विक्टोरियंस की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में सुनील नरेन का विकेट गंवा दिया। मेयर्स ने उन्हें कैच आउट कराया। यहां से कप्तान लिट्टन दास 16, तौहिद हृदॉय 15 और जॉनसन चार्ल्स भी 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोईन अली भी महज 3 रन बनाकर रनआउट हुए। टीम ने 79 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए।

### विकेटकीपर इस्लाम ने संभाला

आधी टीम पवेलियन लौटने के बाद विकेटकीपर माहिदुल इस्लाम अंकोन और जैकर अली ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। अंकोन 38 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 46 रन की पार्टनरशिप टूटी।




### शोरिफुल इस्लाम टॉप विकेट टेकर

बारिशल के कप्तान तमीम इकबाल ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 492 रन बनाए। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। ढाका के शोरिफुल इस्लाम ने सबसे ज्यादा 22 विकेट लिए। ढाका के ही नईम शेख ने बेस्ट फील्डर का अवॉर्ड जीता, उन्होंने 8 कैच और रन आउट किए। रनर-अप रही कोमिला विक्टोरियंस टीम ने सबसे ज्यादा 4 टाइटल जीते हैं। ढाका के नाम भी 3 खिताब हैं। जबकि रंगपुर राइडर्स, राजशाही रॉयल्स और फोर्च्यून बारिशल की टीमें 1-1 बार चैंपियन बनी हैं। 2012 में शुरू हुए टूर्नामेंट का इस बार 10वां सीजन खेला गया। 2014 में पॉलिटिकल प्रोबल्म और 2021 में कोविड के कारण टूर्नामेंट नहीं खेला गया।

### मेयर्स ने स्कोर 150 के करीब पहुंचाया

2 विकेट गिरने के बाद काइल मेयर्स ने तेजी से रन बनाए, उन्हें मुशफिकुर रहीम का साथ मिला। दोनों ने टीम का स्कोर 150 के करीब पहुंचाया। मेयर्स 46 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 59 रन की पार्टनरशिप टूटी। मुशफिकुर भी 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आखिर में महमूदुल्लाह ने 7 और डेविड मिलर ने 8 रन बनाकर टीम को 19 ओवर में ही जीत दिला दी। विक्टोरियंस टीम से मुस्तफिजुर रहमान और मोईन अली ने 2-2 विकेट लिए।

### तमीम-मिराज ने दिलाई तेज शुरुआत

155 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बारिशल टीम को ओपनर्स ने तेज शुरुआत दिलाई। तमीम इकबाल व मेहदी हसन मिराज ने पहले विकेट के लिए 76 रन जोड़े। तमीम 39 व मिराज 29 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में आंद्रे रसेल ने 14 बॉल पर 27 रन बनाए और टीम का स्कोर 154 तक पहुंचाया। जैकर ने 23 बॉल में 20 रन बनाएं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान

# चरिथ असलंका शुरुआती 2 टी-20 में कप्तानी करेंगे

**कोलकाता, एजेंसी**

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे पर टी-20 सीरीज के लिए मेंस टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका को 4 मार्च से बांग्लादेश में 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट की सीरीज खेलना है। शुरुआती 2 टी-20 मुकाबलों में चरिथ असलंका श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। वहीं तीसरे मुकाबले में रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा वापसी कर लेंगे। पथुम निसांका सीरीज से बाहर अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में इंजर्ड हुए ओपनर पथुम निसांका दौरे से बाहर हो गए हैं। उन्हें इंजरी से रिकवर करने में ज्यादा टाइम लगेगा। बोर्ड ने बताया कि निसांका को स्क्वॉड में सिलेक्ट किया गया था लेकिन इंजरी के कारण उन्हें आराम दिया गया।

**बैन के कारण शुरुआती 2 मैच नहीं खेलेंगे हसरंगा:** श्रीलंका के रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा शुरुआती 2 टी-20 नहीं खेल सकेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में उन्होंने अंपायर के फैसले का विरोध किया था। इसी कारण उन पर 2 मैच का बैन लगा। इस कारण अब उनकी जगह असलंका टीम की कमान संभालेंगे। पूर्व कप्तान दसुन शनाका की टी-20 टीम में वापसी हुई है।

### 13 मार्च से शुरू होगी वनडे सीरीज

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 की सीरीज 4 से 9 मार्च तक खेली जाएगी। फिर तीनों मुकाबले सिलहट में होंगे। 13, 15 और 18 मार्च को 3 वनडे खेले जाएंगे। वहीं 22 मार्च से टेस्ट सीरीज होगी। दूसरा टेस्ट 30 मार्च से शुरू होगा। पहला टेस्ट सिलहट और दूसरा चट्टोग्राम में खेला जाएगा।

### टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका का स्क्वॉड

वनिंदू हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका (उप कप्तान), कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजलो मैथ्यूज, दसुन शनाका, महीश तीक्षणा, धनंजय डी सिल्वा, कुसल परेरा, दिलशान मदुशंका, नुवान थुषारा, मथीश पथिराना, अकिला धनंजय, बिनुरा फर्नांडो, कमिंडु मेंडिस, अविष्का फर्नांडो और जेफरी वांडरसे।

वहीं एंजलो मैथ्यूज भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। अविष्का फर्नांडो को निसांका की जगह शामिल किया गया। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से वापसी करने वाले मिस्ट्री स्पिनर अकिला धनंजय भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

# रहाणे बोले- श्रेयस के टीम में आने से हम रोमांचित, तमिलनाडु से मुकाबला

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले आज से

**कोलकाता, एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी के सेमाफाइनल मुकाबले आज से शुरु होने जा रहे है। पहला मुकाबला मुंबई और तमिलनाडु के बीच है। वहीं, दूसरा मैच मध्यप्रदेश और विधर्भ के बीच खेला जाएगा। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने श्रेयस अय्यर का समर्थन किया। श्रेयस पीठ दर्द की शिकायत के कारण यहां बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। अब वे कल तमिलनाडु के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेंगे। रहाणे ने मीडिया से कहा, वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं. वह जब भी मुंबई के लिए आए तो उनका योगदान अद्भुत रहा है। हम सेमीफाइनल के लिए उन्हें अपनी टीम में पाकर रोमांचित हैं।

**तमिलनाडु के गेंदबाजों से निपटना होगा:** सेमीफाइनल में तमिलनाडु के अनुशासित गेंदबाजों और उनके बल्लेबाजों के बीच एक रोमांचक लड़ाई देखने को मिलेगी। वहीं, मुंबई के ऑलराउंडर्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। तमिलनाडु ने गत विजेता सौराष्ट्र को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा। मुंबई और तमिलनाडु दोनों ही केवल एक-एक मैच हारे हैं। तमिलनाडु अपने सीजन के शुरुआती मैच में गुजरात से हारने के बाद अपना बेस्ट फॉर्म हासिल करने में सफल रहा। वहीं, मुंबई को उत्तर प्रदेश से मामूली हार मिली। तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने टीम के लिए इस सीजन सबसे ज्यादा 47 विकेट लिए।

**कमजोर, बैटिंग में मुशीर और शॉ पर दारोमदार:** मुंबई का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने वालों की लिस्ट में टॉप 10 में भी जगह नहीं बना पाया है - मोहित अवस्थी 32 विकेट के साथ 13वें स्थान पर हैं। मुंबई ने कप्तान अजिंक्य रहाणे फॉर्म में नहीं है। उनके 6 मैचों में सिर्फ 1 अर्धशतक है। युवा मुशीर खान के नाबाद 203 रनों की बदौलत मुंबई को बढ़त मिली, जो बड़ौदा के खिलाफ टेलेंडर्स तनुष कोटियन और तुषार देशपांडे के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बदौलत 605 रनों की अजेय बढ़त तक पहुंच गई। बल्लेबाजी के अनुकूल सतह होने की उम्मीद है, ओपनिंग में पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी के साथ मुंबई की गहरी बल्लेबाजी लाइन-अप और निचले क्रम में ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर और यहां तक कि शम्स मुलानी के साथ, मेजबान टीम एक अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। रहाणे ने बताया कि पृथ्वी शॉ उंगली की चोट से उबर गए हैं, जिसके कारण उन्हें क्वार्टरफाइनल के दौरान मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। रहाणे ने बताया कि पृथ्वी शॉ उंगली की चोट से उबर गए हैं, जिसके कारण उन्हें क्वार्टरफाइनल के दौरान मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।



**विदर्भ होम ग्राउंड में मजबूत:** रणजी ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल मध्यप्रदेश और विदर्भ के बीच ड्रूष्ट स्टेडियम में खेला जाएगा। दो बार के चैंपियन विदर्भ ने इस सीजन नागपुर के ड्रूष्ट स्टेडियम में चार मैच खेले हैं, उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ एकमात्र हार के साथ तीन में जीत हासिल की है। विदर्भ ने बड़ी जीत हासिल की है - सर्विसेज के खिलाफ सात विकेट, हरियाणा के खिलाफ 115 रन और क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ 127 रन से। इस पूरे सीजन में विदर्भ की सबसे बड़ी ताकत उनके बल्लेबाजों द्वारा बराबरी का योगदान रहा है। टीम के लिए सभी बैटर ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### गुजरात, यूपी वारियर्स ने 26 गेंद रहते छह विकेट से हराया

**मुंबई,एजेंसी।** वुमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन का आठवां मुकाबला यूपी वारियर्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में यूपी वॉरियर्स ने ग्रेस हैरिस के तूफानी अर्धशतक की मदद से गुजरात जाएंट्स को 26 गेंद रहते छह विकेट से हरा दिया। यह यूपी की इस सीजन लगातार दूसरी जीत है। वहीं गुजरात जाएंट्स की तीसरी हार। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी के सामने 143 रन का मामूली लक्ष्य रखा था। जिसे यूपी ने मात्र 15.3 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। यूपी के लिए ग्रेस हैरिस ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 33 गेंद पर नाबाद 60 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने दो सिक्स और छह चौके लगाए। यह ग्रेस का गुजरात के खिलाफ तीसरी पारी में तीसरा अर्धशतक है। उनके अलावा कप्तान एलिसा हीली ने 21 गेंद पर 33, दीप्ति शर्मा ने 14 गेंद पर नाबाद 17, चमारी अथापथु ने 11 गेंद पर 17 और किरण नवगिरे ने आठ गेंद पर 12 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए तनुजा कंवर ने दो, मेघना सिंह और कैथरीन ब्राइस ने एक - एक विकेट झटके। इस जीत के साथ यूपी वारियर्स के चार मैच में दो जीत के साथ चार अंक हो गए हैं। वह अंक तालिका में मुंबई इंडियंस को पछाड़ते हुए तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। उनका नेट रन रेट +0.21 हो गया है। वहीं गुजरात जाएंट्स को अबतक खेले गए तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा है।



## मेट्रो बाजार

# रोल्स-रॉयस ने पेश की दुनिया की सबसे महंगी कार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रोल्स-रॉयस ने दुनिया की सबसे महंगी गा?ी कार %अर्काडिया ड्रॉपटेल% पेश की है। इसकी कीमत 31 मिलियन डॉलर यानी करीब 257 करोड़ रुपए है। इससे पहले रोल्स-रॉयस की ही ला रोज नोयर ड्रॉपटेल दुनिया की सबसे महंगी कार थी, जिसकी कीमत 249.48 करोड़ रुपए है। लग्जरी कार मेकर ने इसका नाम ग्रीक शहर अर्काडिया से लिया है, जिसका अर्थ पृथ्वी पर स्वर्ग होता है। इस अल्ट्रा-कस्टमाइज्ड कार का



आकर्षक लुक और प्रीमियम फीचर इसके नाम को सही साबित करते हैं। कार की सबस बड़ी खासियत, एसे बनाने में इस्तेमाल किया गया मटेरियल है। रोल्स रॉयस की इस कार में सैंटोस स्ट्रेट ग्रेन शीशम हार्डवुड के 233 टुकड़ों का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें से 76 टुकड़े रियर डेक में लगाए गए हैं, जो रोल्स-रॉयस में उपयोग की जाने वाली लकड़ी की सभी प्रजातियों में से सबसे बेहतरीन में से एक है। इस वुड से इंटीरियर तैयार करने में 8 हजार घंटे से भी ज्यादा का समय लगा। वहीं, डैशबोर्ड में रोल्स-रॉयस की अपनी डिजाइन की एक घड़ी भी है, जिसे कंपनी की किसी भी कार में डेवलप किया गया अब तक का सबसे जटिल हिस्सा माना गया है।

# मर्सिडीज-बेंज कूपे का फेसलिफ्ट लॉन्च, माइल्ड-हाइब्रिड इंजन के साथ 250 किमी की टॉप स्पीड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लग्जरी कार बनाने वाली मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भारत में मर्सिडीज-बेंज और 53 कूपे का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। 53 कूपे माइल्ड हाइब्रिड इंजन के साथ आएगी। ये कार 250 की टॉप स्पीड हासिल कर सकती है। वहीं, मर्सिडीज-बेंज को पेट्रोल और डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने दोनों कार में कॉस्मेटिक अपडेट किए हैं। नई मर्सिडीज-बेंज तीन वैरिएंट- 200, मैटिक और मैटिक लाइन में आएगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 50.50 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 56.90 लाख रुपए तक जाती है। वहीं, 53 कूपे को सिंगल वैरिएंट में पेश किया गया है, लेकिन इसमें कस्टमाइजेशन का ऑप्शन मिलता है। इसकी एक्स-शोरूम प्राइस 1.85 करोड़ रुपए रखी गई है। इंडियन




## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# हॉलीवुड में में काम करना चाहते थे टाइगर

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ ने एक्टिंग के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। वो सिर्फ 12वीं तक पढ़े हैं। 2014 में इन्होंने हीरोपंती से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद वो बागी, ए फ्लाइंग जट्ट, मुन्ना माइकल ,वॉर, गणपत, बागी 2 जैसी कई फिल्मों में नजर आए। उनकी अगली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है जिसमें वो अक्षय कुमार के साथ दिखेंगे। इसके अलावा उन्हें सिंघम अगेन में कैमियो करते भी देखा जाएगा। टाइगर हॉलीवुड में भी काम करना चाहते हैं। उन्होंने कुछ ऑडिशन भी दिए थे, लेकिन फेल हो गए। टाइगर बॉलीवुड में 10 साल गुजार चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी एक ही फिल्म ब्लॉकबस्टर रही है जो कि वॉर है। टाइगर की इमेज एक्शन और डांसिंग स्टार की है। इन दोनों ही चीजों में उन्हें महारत हासिल है। माइकल जैक्सन और ऋतिक रोशन उनके रोल मॉडल हैं। उनकी नेटवर्थ तकरीबन 125 करोड़ है। पर्सनल लाइफ की बात करें तो टाइगर दिशा पाटनी के साथ रिलेशनशिप में रह चुके हैं, लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद टाइगर खुद को सिंगल बताते हैं। टाइगर का जन्म 2 मार्च 1990 को एक्टर जैकी श्रॉफ और आएशा के घर मुंबई में हुआ था।



टाइगर की एक बहन भी है जिसका नाम कृष्णा है। टाइगर का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है। पापा बचपन में उन्हें टाइगर बुलाते थे। ऐसे में जब उन्होंने फिल्मों में आने की ठानी तो उन्होंने अपना नाम टाइगर ही रख लिया। टाइगर ने अमेरिकन स्कूल ऑफ बॉम्बे से पढ़ाई की है। उन्हें बचपन से ही मार्शल आर्ट्स में दिलचस्पी थी। यही वजह है कि उन्होंने बचपन से ही इसकी ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी। 2014 में उन्हें ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट मिला था। टाइगर ने सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई की है। दिलचस्प बात यह है कि पैदा होते हुए टाइगर को फिल्म मिल गई थी।

### मार्च में ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

सिनेमा प्रेमियों के लिए मार्च का महीना बेहतरीन साबित होने वाला है। घर बैठे दर्शकों को कई वेब सीरीज और फिल्में देखने का मौका मिलेगा। हुमा कुरैशी की महारानी से लेकर इमरान हाशमी की शोटाइम तक, मार्च महीने में पॉलिटिकल से लेकर कोर्ट रूम ड्रामा तक, हर तरह की फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कॉमेडी वेब सीरीज मामला लीगल है एक मार्च को रिलीज होने जा रही है। इस सीरीज का निर्देशन राहुल पांडे ने किया है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। रवि किशन के अलावा निधि बिष्ट, नैला ग्रेवाल, अंजुम बत्रा और विजय राजोरिया अहम किरदार में हैं।यह एक हल्की-फुल्की सीरीज है जो लीगल ड्रामा में कॉमेडी का तड़का लगाती है। सीरीज के 8 एपिसोड हैं। सुनील ग्रोवर सनफ्लावर सीजन 2 में सोनू के रूप में लौट रहे हैं। इस सीरीज को विकास बहल ने लिखा है। नवीन गुजराल ने इसका निर्देशन किया है।

# जान्हवी कपूर ने वायरस से बचने का तरीका बताया

जान्हवी कपूर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना डेब्यू किया है। उनके स्टैंड-अप करने का पर्पज लोगों को (मानव पैपिलोमावायरस संक्रमण) के बारे में जागरुक करना है। उन्होंने सभी को हंसाकर इस बड़ी बीमारी के बारे में बहुत ही आसानी से लोगों को जागरुक किया। एक्ट्रेस ने बताया कि ये बीमारी इंटीमेसी के दौरान स्किन टच होने पर फैलती है।

एक्ट्रेस ने कहा कि इसमें हाथ मिलाने जैसा टच शामिल नहीं है। यहां बात इंटीमेसी टच की हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। ये महिलाओं और पुरुषों दोनों को हो सकता है। जान्हवी ने बताया कि वायरस अपने साथ बड़ी बीमारी लेकर आता है। इससे बचने का एक सबसे बड़ा तरीका है वैक्सीन लगवाना। वहां मौजूद लोगों को एक्ट्रेस ने समझाया कि अगर आप किसी को डेट कर रहे हैं, तो वो लोग वैक्सीन जरुर लगवाएं। जान्हवी कपूर को आखिरी बार नितेश तिवारी की फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें वरुण धवन भी थे। वो शशांक खेतान की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण के साथ नजर आएंगी। उनके पास पाइपलाइन में राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' भी हैं। जान्हवी जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' में भी एक्टिंग कर रही हैं, ये फिल्म तेलुगु में बनाई जा रही है। जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने ऊएक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे वो साल भारत के लोगों को जानने के बारे में गुजारने चाहिए थे। जान्हवी कपूर ने बातचीत में कहा- मैंने वहां कुछ नहीं सीखा। मैं मानती हूं कि कैलिफोर्निया मजेदार था और वहां का स्कूल महान था। फिर भी मेरे लिए स्कूल का एक्सपीरियंस कुछ खास नहीं रहा। मैं पहली बार एक ऐसे माहौल में थी, जहां मुझे कोई भी किसी की बेटी के रूप में नहीं पहचानता था। सच कहूं तो ये गुमनामी बहुत ताजगी भरी थी। जान्हवी ने आगे बताया कि ला एक्टिंग स्कूल का फॉर्मैट भी अलग था। उन्होंने कहा- जिस स्कूल से मैंने पढ़ाई की, उसका फॉर्मैट इस बात पर आधारित था कि हॉलीवुड कैसे काम करता है। हॉलीवुड में ऑडिशन किस तरह से होते हैं। वहां कास्टिंग के लोगों से कैसे मिलते हैं। मुझे ऊस्कूल में प?ाई के दौरान एहसास हुआ कि हालांकि स्कूल मेथड एक्टिंग पर बेस्ड था, लेकिन मैं खुद एक मेथड एक्टर नहीं थी।



## मेट्रो निर्माण कार्य के चलते हबीबगंज नाके पर बदला रहेगा ट्रैफिक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत हबीबगंज नाका पर गर्डर लांर्चर का कार्य किया जाना है। आमजन की सुरक्षा को देखते हुए उक्त कार्य के दौरान हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक रोड बंद कर यातायात का डायवर्सन किया गया है। निर्माण कार्य के दौरान 2 मार्च से 28 मार्च तक ट्रैफिक परिवर्तित रहेगा।

इस दौरान हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। आईएसबीटी, रानी कमलापति स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-5 की ओर से होशंगाबाद रोड और 11मील की ओर जाने वाले वाहन सांची बूथ केन्द्र, कस्तूरबा हॉस्पीटल, डीआरएम ऑफिस, शक्ति नगर चौराहा, बीएसएनएल तिराहा, आरआरएल तिराहा से होकर जा सकेंगे। होशंगाबाद रोड से आईएसबीटी जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे।

ग्यारह मील होशंगाबाद से आईएसबीटी की ओर आने वाली यात्री बसें पटेल नगर बायपास, आनन्द नगर, आईटीआई तिराहा से कैरियर कॉलेज, अन्ना नगर होकर आईएसबीटी की ओर जा सकेंगी। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन फोन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप थाने में थाना प्रभारी समेत पुलिसकर्मियों ने की मारपीट

# बाइक में कट मारने की बात को लेकर विवाद, दो पक्ष आमने-सामने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित साक्षी तिराहा पर कल दोपहर बाइक में कट लगने की बात को लेकर हुए विवाद में बजरंग दल के कार्यकर्ता और बंजारा समुदाय के युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी।**



बजरंग दल कार्यकर्ताओं से थाने में मारपीट।

मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट बलवा समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। दोनों पक्षों का मेडिकल कराया गया है। इधर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रातीबड़ थाने में थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव और कर्मचारियों पर कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट के गंभीर आरोप लगाए है।

**पुलिस के अनुसार साक्षी ढाबा तिराहा पर शुक्रवार दोपहर :** बाइक को कट मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने अन्य कार्यकर्ताओं को बुला लिया। इसी प्रकार बंजारा समुदाय के जिस युवक के साथ विवाद हुआ था उसने भी अपने साथियों को बुला लिया। दोनों पक्षों से दर्जनभर से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए और मारपीट शुरू हो गई। घटना की शिकायत लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। वहां पुलिस ने विनोद मेहरा की शिकायत जितेंद्र बंजारा, कार्तिक पिंटू और उसके अन्य साथियों पर मामला दर्ज कर लिया।

इसी प्रकार जितेंद्र बंजारा की शिकायत शुभम दुबे, अमन, विनोद और उसके साथियों पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

**रात में थाने का घेराव, पुलिस ने दर्ज किया कांउटर प्रकरण**

#### काउंटर प्रकरण से भड़के बजरंगी

पुलिस के अनुसार बजरंगी चाहते थे कि केवल उनकी तरफ से शिकायत की जाए। लिहाजा उन्होंने थाने में हंगामा करना शुरू कर दिया। बजरंगियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। बजरंगियों ने आरोप लगाया है कि उनके कार्यकर्ताओं से थाने में थाना प्रभारी समेत पुलिस कर्मियों ने पाइप से मारपीट की है। यह बात पता चलते ही और कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

#### थाना प्रभारी को बर्खाशत करने मांग

बजरंग दल के जिला संयोजक नीरज प्रजापति ने थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव और कर्मचारियों पर लॉकअप में बंद कर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए चेताया है कि यदि थाना प्रभारी और मारपीट करने वाले कर्मचारियों को बर्खाशत नहीं किया जाएगा तो बजरंग दल दौबारा थाने का घेराव करेगा और प्रदर्शन करेगा।

## जय प्रकाश अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**भोपाल।** हबीबगंज स्थित जय प्रकाश अस्पताल से एक महीने पहले पुलिस अभिरक्षा से भागे बलात्कार के आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभिरक्षा से भागने के कारण हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया था। अभिरक्षा से भागे आरोपी के खिलाफ हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। हबीबगंज पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान निलंबित पुलिसकर्मी हबीबगंज पुलिस के संपर्क में रहे और आरोपी को दिल्ली से दबोच लिया गया। टीटी नगर पुलिस ने नाबालिग का अपहरण और बलात्कार के मामले में आरोपी विष्णु अहिरवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी को टीटी नगर थाने में पदस्थ आरक्षक पवन ध्रुवे व प्रधान आरक्षक अर्जुन मिश्रा मेडिकल के लिए जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में भीड़भाड़ थी। इस दौरान आरोपी विष्णु अहिरवार बाथरूम का बहाना कर गया और बाथरूम की टूटी खिड़की से कूदकर भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने आरोपी विष्णु की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने में जानकारी दी। थाने में जानकारी देने के बाद हबीबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण आलाधिकारियों ने आरक्षक पवन धुर्वे और प्रधान आरक्षक अर्जुन मिश्रा को सस्पेंड कर दिया था। बावजूद इसके दोनों पुलिसकर्मी हबीबगंज पुलिस के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास करते रहे। इस दौरान सस्पेंड पुलिसकर्मियों को आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली और वह हबीबगंज पुलिस के साथ दिल्ली पहुंचे। वहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बाइक आपस में टकराई, 16 साल के किशोर की मौत

### 27 जनवरी को हुआ था हादसा, इलाज के बाद घर ले आए थे परिजन

भोपाल। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित सुमेर रोड सोनगिरी पुलिया के पास गत 27 जनवरी को हुए सड़क हादसे में एक महीने बाद 16 साल के किशोर की मौत हो गई। हादसे के समय बाइक पर मौजूद उसकी चाची और चाची की मासूम बेटी समेत टकराने वाली बाइक सवारों को भी चोट आई?थी। सभी का इलाज कराने के बाद छुट्टी दे दी गई?थी। इधर किशोर की तबीयत



बिगड़ने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां 29 फरवरी की देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राकेश उर्फ पहलवान गुर्जर पिता इंदर सिंह गुर्जर (16) गांधी बांधीखेड़ी, कस्बा नजीराबाद में रहता?था। उसके परिजन खेती किसानी करते हैं और वह भी परिजन के साथ खेती बाड़ी में हाथ बंटाता?था। 27 जनवरी को वह अपनी चाची और चाची की बेटी को लेकर रिश्तेदारी में गया था और वहां से घर लौट रहा?था। सोनगिरी सुमेर रोड पर पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में राकेश उसकी चाची और चाची की बेटी को चोट आई?थी। इसी प्रकार सामने वाले बाइक सवार को भी चोट आई?थी। पुलिस ने दोनों बाइक सवारों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज कर लिया था। घायलों का कुछ दिन अस्पताल में इलाज चला और स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। राकेश की भी छुट्टी कराने के बाद परिजन घर ले आए?थे। घर में उसकी तबीयत बिगड़ी और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में 29 फरवरी की रात राकेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि एक्सीडेंट में इलाज के बाद वह ठीक हो गया था, लेकिन उसे टायफाइड हो गया था। पुलिस पीएम रिपोर्टका इंतजार कर रही है।

## कचरे में आग लगाते समय कपड़ों में लगी आग, महिला की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित पल्लवी नगर में घर के सामने साफ सफाई करने के बाद कचरे में आग लगाते समय महिला झुलस गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। परिजन ठीक होने पर उन्हें घर ले आए। फिर उनकी तबीयत बिगड़ी और परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां बीती रात करीब बारह बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच कर रही है।

**पुलिस के अनुसार गुरुप्यारी चौरसिया पति:** अशोक चौरसिया (48) पल्लवी नगर, शाहपुरा में रहती थी। गत 19 फरवरी को उन्होंने घर के आसपास सफाई की और कचरा इकट्ठा कर उसमें आग लगा दी। इसी कचरे की आग उनके कपड़ों तक पहुंची और वह आग से झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसने के बाद परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी तबीयत में थोड़ा सुधार हुआ और परिजन उन्हें घर ले आए। कल रात उनकी तबीयत फिर बिगड़ी और परिजन उन्हें दौबारा अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मां रिश्तेदारी में गई तो सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी को बनाया हवस का शिकार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरसिया पुलिस ने एक नाबालिग लड़की रिपोर्ट पर उसके सौतेले पिता के खिलाफ बलात्कार और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। घटना के समय पीड़िता की मां रिश्तेदारी में गई हुई थी।



वापस लौटने पर बेटी को गुमशुम देख पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी के पिता का करीब सात साल पहले निधन हो गया था। उसके बाद मां ने दूसरे युवक से मंदिर में शादी कर ली थी। किशोरी अपनी मां और तीन भाई-बहनों के साथ सौतेले पिता के साथ रहती है। पिछले दिनों मां एक रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए दूसरे गांव चली गई थी। इस दौरान सौतेले पिता ने डरा-धमका कर नाबालिग बेटी का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद मां लौटी तो बेटी को गुमशुम देख पूछताछ की। इसके बाद लड़की ने सौतेले पिता की करतूत के बारे में बताया। किशोरी ने बताया कि इसके पहले भी सौतेला पिता उसके साथ इस प्रकार की हरकत कर चुका था, लेकिन डर के कारण पीड़िता ने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी थी। शुक्रवार को मां अपनी बेटी को लेकर बैरसिया थाने पहुंची, जहां उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## शिव महारपुराण कार्यक्रम के चलते इंदौर-भोपाल मार्ग पर परिवर्तित रहेगा ट्रैफिक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान 5 मार्च से 13 मार्च तक इस मार्ग पर यातायात परिवर्तित रहेगा।

ट्रैफिक डायवर्सन के दौरान भोपाल से सीधे आष्टा, देवास इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन एवं यात्री बसें सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं अमलाहा होते हुए इंदौर की ओर आ जा सकेंगे। सीहोर-आष्टा हाईवे मार्ग को डायवर्ट किया गया है।

यह डायवर्सन 5 मार्च से कथा समाप्ति 13 मार्च तक जारी रहेगा। केवल कुबेरेश्वर धाम जाने वाले वाहन ही सीधे हाईवे से जा सकेंगे, अन्य सभी वाहनों को डायवर्सन मार्ग से ही संचालित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में उज्जैन आने वाले श्रद्धालु उज्जैन दर्शन के बाद जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम में आयोजित कार्यकम में भी सम्मिलित होंगे। भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भोपाल से श्यामपुर ब्यावरा होते हुए इंदौर जा सकेंगे। इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को देवास से ब्यावरा श्यामपुर तूमड़ा जोड़ होते हुए भोपाल जा सकेंगे।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया महिला का शारीरिक शोषण

भोपाल, दोपहर मेट्रो

जहांगीराबाद पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर साथ काम करने वाले युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ रहती है और प्रायवेट काम करती है। करीब नौ साल पहले वह अपने पति से अलग हो गई थी। उसी के साथ काम करने वाले हेमंत कुशवाह से महिला की दोस्ती हो गई। इस दौरान हेमंत ने महिला के सामने शादी का प्रस्ताव रखा तो वह तैयार हो गई। उसके बाद हेमंत महिला का शारीरिक शोषण करने लगा। करीब एक साल तक शारीरिक शोषण करने के बाद हेमंत ने जब शादी करने से इंकार कर दिया तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### दलित महिला के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** खजूरी सड़क पुलिस ने एक दलित महिला की रिपोर्ट पर गांव में रहने वाले युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने, मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 46 वर्षीय महिला शासकीय विभाग की कार्यकर्ता है। गुरुवार सुबह वह अपना काम कर रही थी, तभी गांव का रघवीर मेवाड़ा पहुंचा और महिला को पीछे से दबोचकर अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और धक्का देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद युवती का शारीरिक शोषण

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से अतुल अहिरवार नामक युवक से हुई थी। बाद में दोनों के बीच दोस्ती हो गई। दो साल पहले अतुल ने युवती को अकेला पाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह जल्द ही शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। करीब दो साल तक शोषण करने के बाद अतुल ने शादी करने से इंकार कर दिया तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



**मेट्रो एंकर**

### 23 फरवरी की रात करीब आठ बजे हुआ था हादसा

# बीआरटीएस में बुजुर्ग दंपती को टक्कर मारने वाले मैजिक का लगा सुराग, पत्नी के बाद पति ने दम तोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के सामने 23 फरवरी, शुक्रवार रात करीब आठ बजे के आसपास बीआरटीएस लेन पार कर बुजुर्ग दंपती को टक्कर मारने वाले वाहन का पता पुलिस ने लगा लिया हे। टक्कर मैजिक वाहन ने मारी थी। टक्कर मारने के बाद मैजिक वाहन का चालक मिसरोद होते हुए मंडीदीप की तरफ निकल गया था। मैजिक जाटखेड़ी का बताया जा रहा है। इस हादसे में बुजुर्ग महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई?थी, जबकि इलाज के दौरान कल शुक्रवार दोपहर महिला के बुजुर्ग**

### टक्कर मारने के बाद मंडीदीप की तरफ भागा था मैजिक वाहन लेकर चालक



#### पति की भी मौत हो गई

प्रधान आरक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि कृष्णाबाई पति राजाराम (55) बागमुगलिया में रहती थी। 23 फरवरी शुक्रवार रात वह पति के साथ बख्तरा से लौटी थी। दंपती रात करीब आठ बजे आशिमा मॉल के पास बस से उतरे और सड़क पार करते हुए बीआरटीएस कारीडोर में पहुंचे थे। उन्हें सड़क पार कर अशिमा मॉल की तरफ जाना था। इससे पहले ही बीआरटीएस लेन पार करते समय थे, तभी बागसेवनिया की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।

#### करीब दस मीटर दूर गिरी थी कृष्णा बाई

अनुमान है कि हादसे के समय वाहन काफी रफ्तार में था। दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ वहां से करीब दस मीटर दूरी पर कृष्णा बाई पड़ी मिली थी। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से कृष्णाबाई और पति राजाराम को एम्स पहुंचाया था। एम्स में इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे के आसपास कृष्णाबाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कृष्णाबाई को इस हादसे में सिर, समेत शरीर में गंभीर चोटथी। पति की मौत इस हादसे में कृष्णाबाई के पति राजाराम को भी गंभीर चोट आई?थी। उनका एम्स में इलाज चल रहा था। एम्स में इलाज के दौरान कल दोपहर राजाराम की मौत हो गई। हादसे की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले मैजि का पता लगा लिया है। मैजिक वाहन का मालिक जाटखेड़ी में रहता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022